# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class VIII

## Subject- Hindi Second Language

## Topic-

# ‘वर्ण-विच्छेद’

By – Ramkewal yadav

©ISWK

देखिए पिता शब्द में ये ध्वनियाँ हैं –

पि + ता

इन ध्वनियों को और तोड़ा जा सकता है।

प् + इ + त् + आ (सबसे छोटी ध्वनियाँ )

अब हम इस ध्वनियों को और नहीं तोड़ सकते ये सबसे छोटी ध्वनियाँ हैं।

ये सबसे छोटी ध्वनियाँ ही वर्ण कहलाती हैं।

# वर्ण

किसी भी भाषा में प्रयुक्त होने वाली मूल ध्वनि को वर्ण कहते हैं l

जैसे – अ ,क्, ख् आदि l

## वर्णमाला

वर्णों के समूह या समुदाय को वर्णमाला कहते हैं ।

# वर्णमाला के प्रकार

वर्णमाला के दो प्रकार हैं |

1




2



# 1. स्वर (vowel)

- ऐसे वर्ण जिनका उच्चारण स्वतंत्र होता है, वे वर्ण स्वर कहलाते हैं।
- हिन्दी भाषा में 11 स्वर होते हैं। वे इस प्रकार हैं:
- अ, आ ,इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

## अयोगवाह

अं , अः

- हिंदी में ये दो अयोगवाह हैं | ये न तो स्वर होते हैं और न ही व्यंजन

# व्यंजन की परिभाषा

जिन वर्णों का उच्चारण स्वर की सहायता से होता है उन्हें व्यंजन कहते हैं।

जैसे = क् +अ = क

# व्यंजन के भेद

## व्यंजन तीन प्रकार के होते हैं:

### 1.स्पर्श व्यंजन (कचटतप)

इन्हें 5 भागों में बाँटा गया है :

1.क वर्ग : क, ख, ग, घ, ङ।
2.च वर्ग : च, छ, ज, झ, ञ।
3.ट वर्ग : ट, ठ, ड, ढ, ण। (ड़, ढ़)
4.त वर्ग : त, थ, द, ध, न।
5.प वर्ग : प, फ, ब, भ, म।

### 2. अंतःस्थ व्यंजन

**य, र, ल, व।**

### 3. ऊष्म व्यंजन

**श, ष, स, ह ।**

### संयुक्त व्यंजन

**क्ष, त्र, ज्ञ, श्र**

# वर्ण-विच्छेद

वर्ण-विच्छेद यानी वर्णों को अलग-अलग करना। किसी शब्द (वर्णों के सार्थक समूह) को अलग-अलग लिखने की प्रक्रिया को वर्ण-विच्छेद कहते हैं।

**हलंत (्)**

जिस भी व्यंजन के नीचे हलंत चिह्न होता है वह व्यंजन आधा होता है।

कलम = क् + अ + ल् + अ + म् + अ
कहलाता = क् +अ + ह् + अ +ल् + आ + त् +आ

| वर्ण मात्रा सहित | मात्राएँ | वर्ण विच्छेद |
|---|---|---|
| क | अ | क् + अ |
| का | आ | क् + आ |
| कि | इ | क् + इ |
| की | ई | क् + ई |
| कु | उ | क् + उ |
| कू | ऊ | क् + ऊ |
| कृ | ऋ | क् + ऋ |
| के | ए | क् + ए |
| कै | ऐ | क् + ऐ |
| को | ओ | क् + ओ |
| कौ | औ | क् + औ |

# याद रखने वाली कुछ बातें

1 - जो अक्षर पहले से ही आधा हो उसे हलंत लगाकर लिखना चाहिए और उसमें कोई स्वर नहीं लगता I

जैसे – स्वर = स् + व् + अ+ र्+ अ

2 -यदि किसी भी शब्द में (अ से औ ) तक कोई स्वर आ जाए तो उसे वैसे ही लिखा जाता है उसके टुकड़े नहीं किए जा सकते I

जैसे – ओझा = ओ + झ् + आ

अमरता = अ + म् + अ + र् + अ + त् + आ

3- र में उ और ऊ की मात्रा की पहचान –

उ की मात्रा के साथ र, यानी र्+उ= रु ( रुचि, रुधिर )

ऊ की मात्रा के साथ र, यानी र्+ऊ= रू ( रूप, रूमाल )

# संयुक्त व्यंजन

**क्ष** = क् + ष् + अ

**त्र** = त् + र् + अ

**ज्ञ** = ज् + ञ् + अ

**श्र** = श् + र् + अ

क्षमा = क् + ष् + अ + म् + आ

चित्र = च् + इ + त् + र् + अ

यज्ञ = य् + अ + ज् + ञ् + अ

श्रोता = श् + र् + ओ + त् + आ

# अनुस्वार व अनुनासिक

अनुस्वार= जिस व्यंजन में अनुस्वार लगा हो उस अनुस्वार की जगह उस वर्ण के आगे आए स्वर में अनुस्वार लगाया जाता है।

**जैसे -** भंडार = भ् + अं + ड् + आ + र् + अ

निबंध = न् + इ + ब् + अं + ध् + अ

अनुनासिक = जिस व्यंजन में अनुनासिक लगा हो उस अनुनासिक की जगह उस वर्ण के आगे आए स्वर में अनुनासिक लगाया जाता है।


टाँग = ट् + आँ + ग् + अ

चाँद = च् + आँ + द् + अ

# र के विभिन्न रूप

यदि र स्वर रहित होता है तो यह अगले व्यंजन के सिर पर  इस रूप में लगाया जाता है । इसे रेफ कहते हैं । जैसे - वर्ष – व् +अ +र् + ष् + अ

यदि र से पूर्व व्यंजन स्वर रहित हो तो र पूर्ण व्यंजन के नीचे  इस रूप में आता है । इसे पदेन कहते हैं । जैसे –
प्रभाव = प् + र् + अ + भ् + आ + व् + अ

ट तथा ड के साथ र नीचे  इस रूप में लगाया जाता है । जैसे –
(1) ट्रक = ट् + र् + अ + क् + अ (2) ड्रम = ड् + र् + अ + म् +अ

# वर्ण-विच्छेद के उदाहरण

1-कमल = क् + अ + म् + अ + ल् + अ

2- मामा = म् + आ + म् + आ

3- किताब = क् + इ + त् + आ + ब् + अ

4- सुहानी = स् + उ + ह् + आ + न् + ई

5- अनुमान = अ + न् + उ + म् + आ + न् + अ

6- भूमि = भ् + ऊ + म् + इ

7- गृह = ग् + ऋ + ह् + अ

8- बेबस = ब् + ए + ब् + अ + स् + अ

9- तैयार = त् + ऐ + य् + आ + र् + अ

10- सोना = स् + ओ + न् + आ

11- सौभाग्य = स् + औ + भ् + आ + ग् + य् + अ

# अभ्यास 1

निम्नलिखित शब्दों के वर्ण- विच्छेद करें –

1 – विषैला = व् + इ + ष् + ऐ + ल् + आ

2 – विद्या = व् + इ + द् + य् + आ

3 – मेहमान = म् + ए + ह् + अ + म् + आ + न् + अ

4 –शीतलता = श् + ई + त् + अ + ल् + अ + त् + आ

5- न्योछावर= न् + य् + ओ + छ् + आ + व् + अ + र् + अ

6 –आभूषण= आ + भ् + ऊ + ष् + अ + ण् + अ

7 – कृष्ण = क् + ऋ + ष् + ण् + अ

8 - चुनौती = च् + उ + न् + औ + त् + ई

9 –महाराज = म् + अ + ह् + आ + र् + आ + ज् + अ

# अभ्यास 2

निम्नलिखित शब्दों के वर्ण- विच्छेद करें –

| | |
|---|---|
| 1 शिक्षा = | श् + इ + क् + ष् + आ |
| 2 त्रिभुज = | त् + र् + इ + भ् + उ + ज् + अ |
| 3 यज्ञ = | य् + अ + ज् + ञ् + अ |
| 4 श्रुति = | श् + र् + उ + त् + इ |
| 5 भिक्षा = | भ् + इ + क् + ष् + आ |
| 6 पवित्र = | प् + अ + व् + इ + त् + र् + अ |
| 7 ज्ञानी = | ज् + ञ् + आ + न् + ई |

# अभ्यास 3

## निम्नलिखित शब्दों के वर्ण- विच्छेद करें –

| | |
|---|---|
| 1 संगीत = | स् + अं + ग् + ई + त् + अ |
| 2 बिंदी = | ब् + इं + द् + ई |
| 3 कंटक = | क् + अं + ट् + अ + क् + अ |
| 4 गाँव = | ग् + आँ + व् + अ |
| 5 कुआँ = | क् + उ + आँ |
| 6 पंडित = | प् + अं + ड् + इ + त् + अ |
| 7 हँसना = | ह् + अँ + स् + अ + न् + आ |

# अभ्यास 4

## निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद करें –

| | |
|---|---|
| 1 प्रयोग = | प् + र् + अ + य् + ओ + ग् + अ |
| 2 सर्प = | स् + अ + र् + प् + अ |
| 3 ड्रामा = | ड् + र् + आ + म् + आ |
| 4 टर्राना = | ट् + अ + र् + र् + आ + न् + आ |
| 5 इंद्राणी = | इं + द् + र् + आ + ण् + ई |
| 6 राष्ट्रीय = | र् + आ + ष् + ट् + र् + ई + य् + अ |
| 7 परमार्थ = | प् + अ + र् + अ + म् + आ + र् +थ् +अ |

# अभ्यास 5

## निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद करें –

| 1- गुरु = | ग् + उ + र् + उ |
| --- | --- |
| 2- जरूर = | ज् + अ + र् + ऊ + र् + अ |
| 3- द्वारा = | द् + व् + आ + र् + आ |
| 4- दृष्टि = | द् + ऋ + ष् + ट् + इ |
| 5- दरिद्र = | द् + अ + र् + इ + द् + र् + अ |
| 6- हृदय = | ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ |
| 7-चिह्न = | च् + इ + ह् + न् + अ |

(CONTU.)

| 8- सौंदर्य= | स्+ औं + द्+अ+ र्+ य्+ अ |
|---|---|
| 9- स्वागत- | स् + व् + आ + ग् + अ + त् + अ |
| 10- कौशल = | क् + औ + श् + अ + ल् + अ |
| 11- इस्तेमाल = | इ + स् + त् + ए + म् + आ +ल् + अ |
| 12- अमावस्या = | अ + म् + आ + व् + अ + स् + य् + आ |
| 13- कंपन = | क् + अं + प् + अ + न् + अ |
| 14- साँप = | स् + आँ + प् + अ |
| 15- चाँदनी = | च् + आँ + द् + अ + न् + ई |
| 16- क्रम = | क् + र् + अ + म् + अ |
| 17- कर्म = | क् + अ + र् + म् + अ |

निम्नलिखित वर्ण-विच्छेदों से शब्द बनाना सीखिए –

1- व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ = विद्यालय

2- आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ = आशीर्वाद

3- उ + त् + त् + ई + र् + ण् + अ = उत्तीर्ण

4- अ + न् + ए + क् + अ = अनेक

5- म् + उ + ट् + ठ् + ई = मुट्ठी

# अभ्यास 6

निम्नलिखित वर्ण-विच्छेदों के लिए शब्द लिखिए –

| अ + द् + भ् + उ + त् + अ = | अद्‌भुत |
|---|---|
| प् + आ + ठ् + अ + श् + आ + ल् + आ = | पाठशाला |
| द् + ओ + स् + त् + अ = | दोस्त |
| च् + आ + ल् + आ + क् + अ = | चालाक |
| स् + अं + स् + क् + ऋ + त् + इ = | संस्कृति |
| प् +र् + अ + व् + ई + ण् + अ = | प्रवीण |
| स् + अ + र् + व् + आ + ध् + इ + क् + अ = | सर्वाधिक |
| प् + र् + आ + क् + ऋ + त् + इ + क् + अ = | प्राकृतिक |

# गृह कार्य

## निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद करें

1 - इत्यादि =
2 - अनुरुप =
3 - संयोजन =
4 - स्वाधीन =
5 - विचित्र =
6- नेतृत्व =
7- संशय =
8- फिल्मी =
9- व्यक्तित्व =
10- नाटकीयता =